# एल.पी.जी. गैस सिलेंडर ब्लास्ट में टैंकर चालक जिंदा जला, कई लोग घायल

## जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात ट्रक और टैंकर में भिड़ंत के बाद हुआ था भयावह हादसा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले मौजमाबाद थाना इलाके जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात हुए ट्रक और टैंकर में भिडंत से हुए एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के बाद बुधवार सुबह तक हालात सामान्य नहीं हो पाए थे। बुधवार सुबह 9 बजे की स्थिति यह थी कि गिदानी से सावरदा तक हाईवे पर करीब दो किलोमीटर तक का लंबा ट्रैफिक जाम रहा है। अजमेर से जयपुर की ओर दूदू से 5 किलोमीटर तक जाम लगा हुआ है। वहीं पुलिस क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर ट्रैफिक सुचारू करने की कोशिश में लगी रही। वहीं फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी मौके पर पहुंची और हादसे के साक्ष्य जुटाए। इधर बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने कहा कि भगवान का आशीर्वाद रहा कि यहां कोई बड़ी घटना नहीं हुई। 1-2 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन ने स्थिति पर काबू पा लिया।

जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि हादसे में टैंकर का ड्राइवर रामराज मीणा (35) जिंदा जल गया। जबकि कुछ लोग घायल हैं। झुलसी हुई हालत में चार लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था। वहीं एक घायल सद्दाम को दूदू से भांकरोटा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एलपीजी ट्रक के पास खडी 5 गाड़ियां भी जल गईं। वहीं मौके पर पहुंचीं दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि टैंकर में भरे केमिकल ने आग नहीं पकडी थी। बुधवार सुबह जब इसे हटाया जा रहा था तभी इसमें से रिसाव शुरू हो गया।

### बुधवार सुबह 20 कि.मी. लंबा ट्रेफिक जाम था

यह जाम बुधवार सुबह 7 बजे महला से सावरदा तक करीब 20 किलोमीटर तक लगा हुआ था। इस हादसे के बाद प्रशासन ने रात भर कडी मशक्कत की और अधिकांश ट्रैफिक को नासनोदा से मौजमाबाद होते हुए डायवर्ट कर दिया। इसी वजह से 20 किलोमीटर का लंबा जाम अब सिमटकर महज 2 से 5 किलोमीटर का रह गया है। लेकिन यह 2 किलोमीटर का हिस्सा ही इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती भरा रहा।

### छह घंटे बाद बहाल हुआ यातायात

जयपुर जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी के निर्देश पर सुबह 4:30 बजे हाईवे दोनों ओर से यातायात के लिए खोल दिया गया। हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे के बाद हुआ था, जिसके बाद 6 घंटे तक मार्ग बंद रहा। हादसे के तुरंत बाद एसएमएस अस्पताल को अलर्ट मोड पर रखा गया। प्लास्टिक सर्जन सहित पूरा स्टाफ इमरजेंसी में तैनात रहा और आईसीयू बेड टेकओवर किए गए। हादसे में जले व्यक्ति का शव देर रात दो बजे प्लास्टिक बैग में मोर्चरी लाया गया।



जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात एलपीजी गैस सिलैण्डरों से भरे ट्रक और टैंकर की भिडंत के बाद भयावह हादसा हो गया।

- 12 दकमलों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू
- बुधवार सुबह तक जारी रहा बेंजीन टैंकर कूलिंग ऑपरेशन

### सुबह तक चला बेंजीन टैंकर कूलिंग ऑपरेशन

हादसे के करीब 7 घंटे बाद तक केमिकल टैंकर का तापमान कम नहीं हुआ था। इसके चलते सुबह तक उस पर पानी का छिड़काव जारी रहा। आग पर काबू पाने के बाद जले हुए सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया। मौजमाबाद तहसीलदार सुरेंद्र विश्नोई ने बताया कि टैंकर में बेंजीन केमिकल भरा था,पेट्रो केमिकल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। टैंकर गुजरात जा रहा था। यह एक रसायन है, जो रंगहीन, ज्वलनशील तरल है और कच्चे तेल और गैसोलीन का प्राकृतिक घटक है। इसका उपयोग विलायक के रूप में, विभिन्न रसायनों, जैसे दवाएं, प्लास्टिक और डिटर्जेंट के उत्पादन में एक प्रारंभिक पदार्थ के रूप में किया जाता है।

### टैंकर व ट्रक में टक्कर से हुआ हादसा

यहां पर केमिकल टैंकर और एलपीजी सिलेंडरों से भरा ट्रक टक्कर के बाद जलकर खाक हो गए थे। जहां एक तेज रफ्तार टैंकर ने हाईवे किनारे खड़े एलपीजी ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई और एलपीजी सिलेंडरों में लगातार धमाके होने लगे। ये धमाके इतने ज़ोरदार थे कि दो सौ मीटर दूर तक सिलेंडर उछलकर गिरे।

### तीन दर्जन दमकलें पहुंची आग बुझाने

आग पर काबू पाने के लिए किशनगढ़ (अजमेर), सांभर (जयपुर), फुलेरा (जयपुर), जयपुर शहर और मुहाना (जयपुर) से तीन दर्जन से भी अधिक दमकल की गाडियां पहुंची थीं। अग्निशमन अधिकारी, एसडीआरएफ और आरएसी का जाब्ता भी मौके पर तैनात किया गया। साथ ही मेडिकल टीम भी मौके पर मौजूद रही। अब वहां हालात सामान्य हैं। केमिकल से भरे टैंकर को सुरक्षित तरीके से हटाया गया।

### एस.एम.एस. अस्पताल छावनी में तब्दील

हादसे में घायलों के इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं । हादसे की सूचना मिलते ही सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव हो गया। एसएमएस थाना पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने मोर्चा संभाला। अस्पताल को छावनी में तब्दील कर दिया गया।

### इमरजेंसी में अतिरिक्त चिकित्सक लगाए गए

एसएमएस ट्रॉमा सेंटर के उप अधीक्षक डॉक्टर जगदीश मोदी ने बताया कि गैस सिलेंडर से भरे ट्रक और ट्रेलर की भिड़ंत के बाद भीषण आग लगने से जयपुर अजमेर हाईवे पर बड़ा हादसा होने की सूचना मिली थी। घायल मरीजों के इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहे। मरीजों की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एसएमएस अस्पताल अधीक्षक ने इमरजेंसी में अतिरिक्त चिकित्सक लगाए हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ भी लगाया गया है। वहीं एसएमएस अस्पताल की रात्रिकालीन प्रभारी डॉक्टर अरविंद पालावत, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा, हेमंत तिवाडी समेत सभी डॉक्टर अस्पताल में मौजूद हैं।

इसके साथ ही प्लास्टिक सर्जिंग यूनिट हेड को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने प्लास्टिक सर्जन वार्ड के बेड खाली करके मरीजों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करें। ताकि आने वाले मरीजों का इलाज तुरंत प्रभाव से हो सके। इसके अतिरिक्त संबंधित दवाइयों की भी व्यवस्थाएं की गई हैं। मरीजों के लिए आईसीयू में भी अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

### दिसंबर-2024 में भी ऐसे ही हादसे में 20 से ज्यादा जानें गईं थीं

गौरतलब है कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के पास दिसंबर 2024 में एलपीजी गैस से भरे टैंकर में ब्लास्ट होने के बाद लगी भीषण आग से 20 लोगों की मौत हो गई थी। यू टर्न लेते समय एक ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी थी। नोजल टूटने से गैस लीक होने के कारण उस समय तेज धमाके के साथ आग लग गई थी।



इस हादसे में दोनों वाहन ऐसे पिघल गये जैसे, लोहा नहीं प्लास्टिक हो।



पुलिस और एफ.एस.एल. टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।



मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने एलपीजी गैस से भरे कुछ सिलैण्डरों को घटना स्थल से दूर रखकर उनकी आग बुझाई।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की देखभाल व शिक्षा के लिए एम.ओ.यू.



निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए बुधवार को गैर सरकारी संस्थाओं के साथ तीन एमओयू किए गए।

**जयपुर ।** निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए बुधवार को गैर सरकारी संस्थाओं के साथ तीन एमओयू किए गए।

आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित भामाशाह योजना के तहत विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व मानिटरिग हेतु 3 गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इन एमओयू के तहत आईसीडीएस द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल वं शिक्षा(ईसीसीई) कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ़ करने की कार्य योजना है।

आईसीडीएस निदेशक ने तीनों एमओयू के तहत होने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावको व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का डिजिटल मीडिया समूह के माध्यम से डिजिटल ईसीसीई गतिविधियां भिजवाने के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को खेल आधारित शिक्षण, शिक्षण प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा। बारां जिले में सैसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता वर्धन एवं वाश कार्यक्रम के अंतर्गत सहयोग प्रदान करेंगे व बारां जिले की चिन्हित 500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को शाला पूर्व किट भी उपलब्ध कराएंगे। बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रन) द्वारा राजसमंद, पाली और जोधपुर जिले की चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने, नियमित ईसीसीई गतिविधियों के संचालन तथा पंजीकृत बच्चों की माताओ के समूह बनाकर स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

# लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण पर वैश्विक संवाद

**जयपुर ।** बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 68वें वार्षिक सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ।

इस वैश्विक आयोजन में लोकतंत्र, संवाद और साझा मूल्यों के माध्यम से समावेशी एवं सतत विकास को लेकर व्यापक चर्चा की जा रही है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विश्वभर के अनेक देशों एवं राज्यों के संसदीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। भारत से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित कई राज्यों के विधानसभाओं के अध्यक्षों ने सक्रिय भागीदारी की।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सम्मेलन को 'प्रेरणादायक अनुभव' बताया। उन्होंने कहा कि, "68वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन में भागीदारी करना एक गर्व का विषय है। इस मंच पर लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान-प्रदान से एक अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी वैश्विक समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक पहल होगी।" देवनानी ने यह भी कहा कि भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, उसकी मजबूत संसदीय परंपरा और लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता इस मंच पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय उपस्थिति, भारत की वैश्विक भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करती है। इस वर्ष सम्मेलन का केंद्रीय विषय 'कॉमनवेल्थ: एक वैश्विक साझेदार' रखा गया है, जिसमें संसदीय संवाद, सहयोग, और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन पर विशेष बल दिया गया। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधि वैश्विक चुनौतियों के समाधान हेतु संयुक्त प्रयासों की संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं।

# डॉ. रूमादेवी ने किया सुमंगल-दीपावली मेले का भ्रमण

**जयपुर ।** सुमंगल-दीपावली मेला-2025 में बुधवार को प्रसिद्ध लोककला विशेषज्ञ डॉ. रूमादेवी ने मेले का भ्रमण किया और राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रदर्शित कलाकृतियों की सराहना की।

उन्होंने महिला कलाकारों के कौशल, नवाचार और पारंपरिक कला को एक साथ प्रस्तुत करने के प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताया और कहा कि इस प्रकार के मंच ग्रामीण महिला कलाकारों को पहचान और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करते हैं। मेले में विदेशी आगंतुकों ने भी भ्रमण किया और राजीविका की महिला सदस्यों द्वारा प्रदर्शित हस्तशिल्प उत्पादों एवं स्थानीय व्यंजनों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के कौशल, उत्पादों की गुणवत्ता एवं पारंपरिक कला की विविधता की प्रशंसा की और भारतीय संस्कृति को नज़दीक से समझने में गहरी रुचि व्यक्त की।

ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा आयोजित सुमंगल-दीपावली मेला-2025 में आज पारंपरिक लोक कला और चित्रकला को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसने आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मेले में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा निर्मित चित्रकला का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसमें जयपुर की मंडला आर्ट, प्रतापगढ़ की मंडना कला, अजमेर की बनी ठनी एवं पिचवाई पेंटिंग, तथा जयपुर की हैंड पेंटिंग प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गईं।

इन चित्रकलाओं में ग्रामीण परंपरा, कलात्मकता और सूक्ष्मता का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। राजीविका की महिला कलाकारों द्वारा की गई बारीक नक्काशी और कलात्मक शिल्प को मेले में आए विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों ने सराहा। आगंतुकों ने इन चित्रों में निहित पारंपरिक सौंदर्य, रंगों का संयोजन तथा रचनात्मकता की खुले शब्दों में प्रशंसा की।यह प्रदर्शनी न केवल ग्रामीण कला को एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है, बल्कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सृजनशीलता एवं आत्मनिर्भरता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

# राजस्थान शिक्षा विभाग के नवाचारों को मिली राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

**जयपुर ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित वित्त वर्ष 2025-26 की द्वितीय समीक्षा बैठक में राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा किए गए नवाचारों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की सराहना की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता सचिव संजय कुमार ने की। राजस्थान की ओर से बैठक में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल तथा राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल ने भाग लिया। कुणाल ने राज्य की शिक्षा योजनाओं, कार्यक्रमों और नवाचारों की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की।

राजस्थान के प्रतिनिधित्व के दौरान समग्र शिक्षा, स्टार्स परियोजना, पीएम श्री स्कूल, विकसित भारत बिल्डाथॉन, पीएम पोषण, डिजिटल एजुकेशन, परख, निपुण भारत, उल्लास, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एसएमसी तथा 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' जैसे अभियानों की प्रगति, उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी गई। राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर की जा रही इन पहलों के क्रियान्वयन, विद्यार्थियों तक उनके प्रभाव और सतत प्रयासों को लेकर केंद्रीय मंत्रालय ने विशेष प्रशंसा व्यक्त की।

बैठक में देशभर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा सचिवों और राज्य परियोजना निदेशकों ने भाग लिया और अपने-अपने राज्यों की शिक्षा योजनाओं व अनुभवों को साझा किया। राजस्थान शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्तुत किए गए नवाचार अब अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन रहे हैं। बैठक के दौरान विभिन्न प्रतिनिधियों ने इन पहलों में रुचि दिखाई और कई योजनाओं को अपने राज्यों में लागू करने की इच्छा भी जताई।

# भीलवाड़ा में पूर्व सी.एम. शिवचरण माथुर और सुशीला देवी की मूर्ति का अनावरण

## स्व. शिवचरण माथुर का राजनीतिक जीवन पूरी तरह जनसेवा को समर्पित रहा : सचिन पायलट

**भीलवाड़ा,( निसं )।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं असम के राज्यपाल रहे स्व. शिवचरण माथुर और उनकी धर्मपत्नी स्व. सुशीला देवी माथुर की मूर्तियों अनावरण का बुधवार को महिला आश्रम, पथिक नगर कैंपस में किया गया। कार्यक्रम में ए.आई.सी.सी. महासचिव सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री एमएम पल्लम राजू, एआईसीसी मीडिया डिपार्टमेंट चेयरमैन पवन खेड़ा, पूर्व मंत्री बी.डी.कल्ला, पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, शिवचरण माथुरजी की पुत्री वंदना माथुर, पीसीसी सचिव विभा माथुर और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सचिन पायलट ने कहा कि मैं सबसे पहले जन्मशताब्दी पर माथुर साहब को श्रद्धांजलि देता हूं। आज इस संस्था की शुरुआत करने के लिए आप सब यहां मौजूद हैं। माथुर साहब की आपने जीवनी देखी मैं इतना कहना चाहूंगा जो लोग आज राजनीति में हैं, शासन करते हैं, वो देखे जब माथुर साहब का कार्यकाल रहा, उन्होंने यह बात स्थापित करी संस्कार के साथ पढ़ाई-लिखाई के साथ सोच विचार के साथ जनता की भलाई के लिए योजनाएं और परियोजना लाते हैं। उससे बहुत लंबे समय तक जनता को लाभ मिलता है। उस प्रकार के संस्कार उस प्रकार की सोच और पढ़ने-लिखने वाले लोग जब शासन को संभालेंगे तभी देश और प्रदेश का भाग्य बदलेगा। सचिन पायलट ने उन्हें नारी शिक्षा और सशक्तिकरण की अग्रदूत बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज सुधार के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे राजस्थान ही नहीं, पूरे देश के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और स्वावलंबन की दिशा में जो पहल की, वह आज भी समाज के विकास में मार्गदर्शक बनी हुई है।




कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं असम के राज्यपाल रहे स्व. शिवचरण माथुर और उनकी धर्मपत्नी स्व. सुशीला देवी माथुर की मूर्तियों का अनावरण किया। उन्होंने स्व. माथुर की जीवनी पर तैयार पुस्तिका का भी विमोचन किया।

- सचिन पायलट ने कहा "स्व.शिवचरण माथुर नारी शिक्षा और सशक्तिकरण की अग्रदूत थे। उन्होंने समाज सुधार के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे राजस्थान ही नहीं, पूरे देश के लिए प्रेरणादायक हैं।"

पायलट ने कहा कि शिवचरण माथुर का राजनीतिक जीवन पूरी तरह जनसेवा को समर्पित रहा। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने बताया कि प्रदेश एवं भीलवाड़ा जिले के विकास में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। भीलवाड़ा डेयरी की स्थापना, वस्त्र नगरी का विकास, मांडलगढ़ में बांधों का तंत्र, रेलवे योजनाएँ और अनेक लोककल्याणकारी कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व के उदाहरण हैं। जनता आज भी उन्हें उनके सरल स्वभाव और ज़मीनी जुड़ाव के लिए याद करती है। भीलवाड़ा के बाद मांडलगढ़ में शिवचरण माथुर विकास एवं सेवा संस्थान, मांडलगढ़ कार्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

# गहलोत और डोटासरा ने पेपर लीक और भर्ती घोटाले से राजस्थान को गर्त में पहुंचाया था : मदन राठौड़

- कांग्रेस की राजनीति सस्ती बयानबाज़ी और खोखले नारों तक सिमटी : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष
- मदन राठौड़ ने कटाक्ष करते हुए कहा कि "कांग्रेस में जिलाध्यक्ष चयन से अभिनव प्रयोग नहीं, बल्कि पार्टी की अंदरुनी खींचतान उजागर हो रही है"

**जयपुर (कासं) ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए अनर्गल बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

कांग्रेस की राजनीति सस्ती बयानबाज़ी और खोखले नारों तक सिमट कर रह गई है। राठौड़ ने कहा कि गोविंद डोटासरा द्वारा जयपुर-अजमेर हाईवे हादसे और एसएमएस अस्पताल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दिया गया बयान पूरी तरह राजनीतिक स्वार्थ और झूठे दावों से प्रेरित है। कांग्रेस खुद उस शासन का हिस्सा रही है जिसने पेपर लीक, भर्ती घोटाले और प्रशासनिक लापरवाही से प्रदेश को गर्त में पहुंचाया था। कांग्रेस जब सत्ता में थी, तब न मुआवज़ा दिया, न दोषियों पर कोई कार्रवाई की। आज भाजपा सरकार त्वरित कार्रवाई कर रही है, उच्चस्तरीय जांच करवा रही है और पीड़ितों को न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है।

राठौडड़ ने कहा कि कांग्रेस का यह कहना कि सबूत मिटा दो, खानापूर्ति कर दो, आरोप नहीं, प्रोपेगेंडा है। अगर डोटासरा के पास कोई ठोस सबूत हैं, तो वे सार्वजनिक करें।

राजनीति की जगह समाधान सुझाएं,अगर वास्तव में संवेदनशील हैं तो ? राठौड़ ने बिहार चुनाव और राहुल गांधी की यात्रा को लेकर अशोक गहलोत के बयानों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह आत्ममुग्धता और भ्रम से भरी बयानबाज़ी अब अप्रासंगिक हो चुकी है। अगर राहुल गांधी की यात्राओं का इतना असर होता, तो कांग्रेस एक के बाद एक राज्य क्यों हारती जा रही है? बिहार में भाजपा और एनडीए की पकड़ मजबूत है और कांग्रेस को वहां भी जनता पूरी तरह नकार चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बेबुनियादी आरोप लगाना सिर्फ नकारात्मकता फैलाने के हथकंडे हैं, जिनका लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं। गहलोत जिलाध्यक्ष चयन को अभिनव प्रयोग बता रहे है, जबकि इनकी पार्टी में जमकर अंदरुनी खींचतान चल रही है।

कांग्रेस में लोकतंत्र नहीं, गुटबाजी का संतुलन साधने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस की यह कवायद अवसरवादी नियुक्तियों और गांधी परिवार को खुश करने तक सीमित है। न पारदर्शिता है, न कोई जवाबदेही तय है।

गहलोत का यह दावा कि देश को जोड़ने की ताकत केवल कांग्रेस में है, पूरी तरह तथ्यों से परे और विडंबनापूर्ण है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने दशकों तक जातिवाद, तुष्टिकरण और क्षेत्रवाद के ज़रिए देश को बांटने का काम किया। भाजपा की "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की नीति ने जम्मू-कश्मीर से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक एकता और विकास का नया रास्ता खोला है।